तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 10 नवंबर 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]



4

पुसौर क्षेत्र के गांवों में अचानक पहुंचे वित मंत्री, सुनी समस्याएं




## खबर संक्षेप

### अंडर 14 क्रिकेट में रायगढ़ बना विजेता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा भिलाई में करवाए जा रहे अंडर 14 क्रिकेट प्लेट ग्रुप प्रतियोगिता में रायगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास में पहली बार फाइनल जीत कर अपनी पताका लहरा दी है।

जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि चांपा के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन यह फैसला गलत साबित हुआ। चांपा के कप्तन असद के 42 रन छोड़ कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका और पूरी टीम 70 रन बनाकर ऑलआऊट हो गई। रायगढ़ की तरफ से चंद्रप्रकाश साहू ने 5 विकेट व धनंजय बैरागी ने 4 विकेट लिए। इसके जवाब में बल्लेबाली करते हुए रायगढ़ ने मात्र 1 विकेट खोकर 20 ओवर में ही 71 रन का लक्ष्य पाकर जीत हासिल कर ली। इसमें धनंजय ने नाबाद 29, आरव शर्मा ने नाबाद 17 व शौर्य पांडेय ने 17 रन बनाए। टीम के कोच चंद्रेश यादव तथा मैनेजर रोहित नामदेव रहे।

### श्रम विभाग की पहल से मुंबई से लाई गई श्रमिक की लाश

**सुंदरगढ़।** बालीशंकरा ब्लॉक के भुखनपाड़ा निवासी श्रमिक गोपीनाथ धरुआ की लाश आखिरकार डेढ़ महीने बाद अपने गांव पहुंची। श्रम विभाग की पहल के चलते परिवार जनों की लंबी प्रतीक्षा और पीड़ा का अंत हुआ। जानकारी के अनुसार गोपीनाथ धरुआ 15 सितंबर को काम की तलाश में गोवा गया था। एक सप्ताह तक परिवार से उसका संपर्क बना रहा लेकिन उसके बाद अचानक संपर्क टूट गया। 24 सितंबर को मुंबई के पुराने बस स्टैंड में उसकी रक्तरंजित अवस्था में लाश मिलने की सूचना मुंबई पुलिस ने परिजनों को दी। आर्थिक तंगी के कारण परिवार लाश को लाने में असमर्थ था। परिजनों द्वारा बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद श्रम विभाग ने मामले में हस्तक्षेप किया। विभागीय अधिकारियों की टीम मंगलवार को मृतक के घर पहुंची और मुंबई से शव लाने की व्यवस्था की गई। विभाग के प्रयास से गोपीनाथ की लाश गांव पहुंची, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। श्रम अधिकारियों ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि उन्हें सरकारी प्रावधानों के तहत आवश्यक सहायता और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। ग्रामीणों ने श्रम विभाग के इस मानवीय कदम की सराहना की है।

### सड़क विहीन गांव में थमी शिक्षा की रफ़्तार

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ ज़िले के कोइड़ा ब्लॉक के पाटमुंडा पंचायत अंतर्गत कदमडिही गाँव आज भी आधुनिक विकास की रफ़्तार से कोसों दूर है। सड़क सुविधा के अभाव में यहां के बच्चे पीढ़ी दर पीढ़ी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। पहले गांव के स्कूल में सिर्फ़ पाँचवीं तक पढ़ाई होती थी। वर्ष 2022 में इसे आठवीं तक अपग्रेड किया गया, परंतु उससे आगे की पढ़ाई का मार्ग अब भी बंद है। बच्चों का भविष्य जैसे पहाड़ों और पगडंडियों में कहीं खो गया है। कदमडिही गांव कोइड़ा ब्लॉक मुख्यालय से 17 किलोमीटर दूर, पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है। पाटमुंडा पंचायत पहुचने के लिए सात किलोमीटर लंबा दुर्गम रास्ता तय करना पड़ता है। बरसात में यह मार्ग कीचड़ और फिसलन भरा हो जाता है। नतीजतन न तो वाहन पहुंच पाते हैं, न ही बच्चे नियमित स्कूल जा पाते हैं। बीमार पड़ने पर मरीज को आज भी बांस की डोली में उठाकर पंचायत मुख्यालय तक ले जाना पड़ता है। वर्तमान में गांव के स्कूल में करीब 150 छात्र पढ़ते हैं। इन सबके बीच ब्रह्मानंद पलेई की बेटी वनिता ने नौवीं कक्षा में प्रवेश लेकर उम्मीद की एक किरण जगाई है। परंतु रोज़ाना पहाड़ी रास्ता पार कर स्कूल पहुँचना उसके परिवार के लिए कठिन संघर्ष से कम नहीं। गांव में न बिजली है, न शुद्ध पेयजल। खनन क्षेत्र होने के कारण नलकूपों का पानी दूषित है और ग्रामीण झरनों के पानी पर निर्भर हैं।

### कंपनी के तीन कर्मचारियों ने ही घोटाले को दिया अंजाम

# श्रीराम फाइनेंस में 1.30 करोड़ की ठगी, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



श्रीराम फाइनेंस कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के घरघोड़ा शाखा में 1 करोड़ 30 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कंपनी के ही तीन कर्मचारियों ने अपने एजेंटों के साथ मिलकर 26 फर्जी ग्राहकों को व्यापार लोन स्वीकृत कराते हुए वारदात को अंजाम दिया है। कंपनी के मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी विरेन्द्र प्रताप पुरसेठ नवापारा घरघोड़ा व दलाल राजकुमार साहू निवासी बहिरकेला को गिरफ्तार कर लिया है।

रायपुर जिले के बांसटॉल तिल्दा हाई स्कूल रोड निवासी राकेश तिवारी श्रीराम फाइनेंस कंपनी के लीगल डिपार्टमेंट में मैनेजर है। उन्होंने घरघोड़ा शाखा के कर्मचारियों विरेन्द्र प्रताप पुरसेठ, खेमराज गुप्ता व सुधीर निषाद द्वारा साल 2017 से 2019 के बीच फर्जीवाड़ा करने का रपोर्ट घरघोड़ा थाने में दर्ज कराया है। तीनों कर्मचारियों ने कंपनी के 26 ग्राहकों को व्यापार लोन दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किया और 1.30 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का गबन किया। आरोपियों ने कई ऐसे व्यक्तियों को व्यवसायी दिखाया जिनका कोई व्यापार ही नहीं था। उन्होंने दूसरे संस्थानों की दुकानों और प्रतिष्ठानों की तस्वीरें लेकर लोन दस्तावेजों में लगाया और एजेंटों की मिलीभगत से फर्जी सत्यापन कराया, बदले में एजेंटों को कमीशन दिया गया। जबकि कई असली ग्राहकों को पूरी राशि तक नहीं मिली।

#### मौका दिया पर नहीं लौटाई राशि

कंपनी ने जब 2019 में अनियमितताओं की सूचना पाई तो संबंधित कर्मचारियों को समझाइश देकर राशि लौटाने कहा गया, लेकिन किसी ने भी लोन क्लियर नहीं किया। इसके बाद 15 जनवरी 2025 को लीगल मैनेजर राकेश तिवारी को औपचारिक जांच का जिम्मा दिया गया। जांच टीम के विकास वर्मा, प्रवीण सोनी, सौरभ कलार सहित अन्य ने ग्राहकों से पूछताछ की, जिसमें पता चला कि पूरा मामला फर्जीवाड़े का है।

#### इन एजेंटों ने धोखाधड़ी में दिया

जांच में जिन एजेंटों की संलिप्तता पाई गई उनमें राजकुमार साहू, मदनसुंदर साहू, खेमराज पटेल, नीलाम्बर यादव, नीलांचल गुप्ता, संजय गुप्ता और रामकुमार पोर्ते शामिल हैं। सभी पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों की व्यवस्था और राशि के बंटवारे में सहयोग किया है। कंपनी की रिपोर्ट पर घरघोड़ा पुलिस ने विरेन्द्र प्रताप पुरसेठ, खेमराज गुप्ता, सुधीर निषाद और सातों एजेंटों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायधीश पॉक्सो न्यायलय के न्यायधीश देवेन्द्र साहू की कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 5 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

शासन की ओर से मामले की पैरवी करने वाले अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि पीड़िता की बड़ी बहन ने जूटमिल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पति व 14 साल की छोटी बहन के के साथ रहती है। उसके माता-पिता रोजी मजदूरी करने पूंजीपथरा गए थे। 10 जुलाई की रात 8 बजे उसके मोहल्ले का रहने वाला आकाश यादव नाबालिग को एक खाली मकान में ले जाकर जबरन उसके साथ अनाचार किया। घटना को पीड़िता की सहेली ने देखा और उसकी बड़ी बहन को जाकर बताई। तब पीड़िता की बड़ी बहन उसके पास पहुंची और जब वह जाकर देखी तो उसकी बहन रो रही थी। उससे पूछने पर बताई कि आकाश ने जबरन दुष्कर्म किया है। ऐसे में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां प्रकरण अतिरिक्त सत्र न्यायधीश पॉक्सो न्यायलय में पेश होने के बाद न्यायधीश देवेन्द्र साहू ने इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# रिश्तेदार बन कर छात्रा को स्कूल लेने पहुंचा युवक, सतर्कता से टली वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोशल मीडिया के दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने इंस्टाग्राम के माध्यम से नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाने का प्रयास किया। आरोपी युवक ने चालाकी से छात्रा के स्कूल पहुंचकर स्वयं को उसका रिश्तेदार बताया और उसे स्कूल से छुट्टी दिलाकर ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्कूल प्रबंधन की सतर्कता और परिजनों की तत्परता से बड़ी वारदात टल गई।

- आरोपी इंस्टाग्राम के माध्यम से छात्रा को मिलने बना रहा था दबाव

दरअसल चक्रधरनगर निवासी एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार को उसकी नाबालिग पुत्री के स्कूल से उन्हें कॉल आया कि एक युवक छात्रा को ले जाने आया है और खुद को रिश्तेदार बता रहा है। सूचना पर छात्रा के पिता तुरंत स्कूल पहुंचे, जहां बालिका ने बताया कि आरोपी युवक पिछले चार दिनों से इंस्टाग्राम पर उससे बातचीत कर रहा था, चैटिंग के जरिए उसे भ्रमित कर मिलने के लिए दबाव बना रहा था। उसी क्रम में आरोपी मारुति सुजुकी कार से स्कूल पहुंचकर उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास कर रहा था।



घटना की गंभीरता को देखते हुए चक्रधरनगर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया। विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान आशीष भगत पिता मोहन भगत 25 वर्ष निवासी केलो विहार के रूप में हुई, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### सड़क किनारे बेसुध मिले युवक की मौत

**राउरकेला।** उदित नगर थाना क्षेत्र के महताब रोड स्थित सिहांसिनी मंदिर के निकट रविवार सुबह एक युवक के बेसुध हालत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे की है। मृतक की पहचान दशरथ तांती के रूप में की गई है, जो पावर हाउस स्थित नेशनल क्लब के पीछे एक गैरेज के पास अकेले रहता था और गैरेज में काम करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह लगभग आठ बजे दशरथ को नाश्ता करते हुए देखा गया था, लेकिन कुछ समय बाद ही वह सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा मिला। जब लोग पास पहुंचे तो पाया कि उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने 112 पर फोन किया, जिसके बाद पीसीआर वैन व उदित नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। परिजनों को सूचना देकर उन्हें मौके पर बुलाया गया। बाद में दशरथ को राउरकेला गवर्नमेंट हॉस्पिटल आरजीएच ले जाया गया।

# मेला देख कर घर लौट रही किशोरी से गैंगरेप, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दोस्त के साथ मेला देख कर घर लौट रही किशोरी के साथ 4 बदमाशों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने 12 घंटे के भीतर सभी आरोपियों को पकड़ कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- लैलूंगा थाना क्षेत्र की है घटना

लैलूंगा थाना क्षेत्र की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी शुक्रवार को अपने दोस्त के साथ पहाड़ लुड़ेग मेला देखने के लिए गई थी। रात में करीब 12 बजे दोनों मेला देखकर वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी पाकुट डैम के पास तोलगे के रहने वाले रमेश भोई, गुरूचरण प्रजा, संजय सिदार और विकास सिदार ने उनका रास्ता रोक लिया। जब किशोरी के दोस्त ने विरोध किया तो चारों ने लात-घूसों से उसके साथ मारपीट किया। इसके बाद चारों आरोपी किशोरी को जबरन डेम के पास ले गए और उसके साथ रमेश भोई, गुरूचरण और संजय सिदार ने दुष्कर्म किया। वहीं उनका साथी विकास सिदार ने इस दरिंदगी में उनका सहयोग किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी वहां से भाग निकले। इसके बाद किसी तरह देर रात में पीड़िता अपने घर पहुंची और आपबीती परिजनों को बताई।



#### सकते में आई पुलिस ने तत्काल लिया एक्शन

घटना की जानकारी पाकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद परिजन लैलूंगा थाना पहुंचे और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिससे पुलिस भी सकते में आ गई। इसके बाद तत्काल पुलिस एक्शन मोड पर आई अलग-अलग टीम बना कर आरोपियों की खोजबीन शुरू हुई। पुलिस ने शनिवार को चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# डकैती के पांच आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राउरकेला।** प्लांटसाइट थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात एक बड़ी वारदात को टाल दिया और डकैती की साजिश रच रहे पांच शातिर अपराधियों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद सैफ उर्फ बुद्दिन ओल्ड स्टेशन रोडएनेताजी मार्ग, ओम गौड़ बसंती कलोनी नगीना खटाल प्रिंस राव उर्फ पिंचू गोपबंधु पाली, रोशन सिंह गोपबंधु पाली तेली पाड़ा और सूरज पात्र प्लांट साइट शामिल हैं। सभी आरोपी राउरकेला के विभिन्न इलाकों के रहने वाले हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को एसआई जीएन गार्डिया अपने दल के साथ रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक गणेश चौक के समीप एक सुनसान स्थान पर इकट्ठा होकर राहगीरों, आसपास के मकानों, दुकानों और पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और पांचों आरोपियों को हथियारों सहित दबोच लिया। मौके से पुलिस ने दो लोहे की रॉड, एक भुजाली और दो चाकू जब्त किए। जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी पहले से कई आपराधिक मामलों में लिप्त हैं।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारत के लौह पुरुष स्वतंत्र भारत के एकीकरण के शिल्पकार एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रायगढ़ जिले में 12 नवम्बर को यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सरदार पटेल के योगदान उनके दृढ़ नेतृत्व और एक भारत श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन जन तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियाँ पूरे उत्साह के साथ अंतिम चरण में हैं। आयोजन की सफलता हेतु जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है, वहीं सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है।

- 12 नवंबर को घरघोड़ा से तमनार तक निकलेगी एकता यात्रा तैयारियाँ अंतिम चरण में

यह पदयात्रा घरघोड़ा के गायत्री मंदिर से प्रातः 9.30 बजे प्रारंभ होकर झरियापाली, देवगढ़, जरेकेला, बासनपाली होते हुए तमनार में संपन्न होगी। लगभग 12 किलोमीटर लंबी इस यात्रा में प्रत्येक दो से ढाई किलोमीटर पर पड़ाव रखे गए हैं, जहाँ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को साझा किया जाएगा। इस एकता यात्रा में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र छात्राएँ, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वालंटियर्स सहित विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# तकनीकी त्रुटी ने रोकी तीन रेत खदानों की बोली, 11 को दोबारा प्रक्रिया

**रायगढ़।** पांच में दो रेत खदानों की बोली तो पूरी हो गई है, लेकिन तकनीकी खामियों की वजह से तीन घाटों की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। अब इसकी प्रक्रिया 11 नवंबर को की जाएगी। पांच रेत खदानों के लिए साढ़े आठ सौ आवेदन जमा हुआ है। इसकी जांच करने में विभाग के अधिकारियों की हालत खराब हो जा रही है। दूसरी ओर एक-एक बोलीदार के दस्तावेज सत्यापन में भी काफी वक्त लग रहा है। इसके कारण पहले दिन केवल दो रेत घाटों की ही प्रक्रिया पूरी हो पाई।

जिले में छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय नियम 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में 05 रेत उत्खनन पट्टा खदानों के आवंटन के लिए इलेक्ट्रॉनिक नीलामी रिवर्स ऑक्शन की प्रक्रिया जारी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तकनीकी और वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 6 नवम्बर निर्धारित थी। निविदा 7 नवम्बर को खोली गई थी, लेकिन एमएसटीसी पोर्टल में उत्पन्न तकनीकी समस्या के कारण उस दिन केवल 02 रेत खदान बरभौना एवं बायसी की निविदाएं खोली जा सकीं एवं अधिमानी बोलीदारों का चयन किया जा सका। बाकी 3 रेत खदानें कंचनपुर, लेबड़ा और पुसल्दा की निविदाएं तकनीकी समस्या के कारण नहीं खोली जा सकीं। तीनों रेत खदानों की निविदा 11 नवम्बर खोली जाएगी।

### शातिर ठग कुछ दिन पहले ही पहुंचा था जेल

# प्रहरी को चकमा देकर विचाराधीन बंदी जिला अस्पताल से फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ठगी के मामले में कुछ दिन पहले जेल पहुंचा विचाराधीन बंदी जिला चिकित्सालय जांजगीर से प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। अस्पताल के बंदी वार्ड से वह हाथ से हथकड़ी निकाल कर भाग निकला। पुलिस की टीम फरार बंदी की तलाश और मामले की जांच में जुट गई है।

जिला अस्पताल में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बंदी वार्ड से एक विचाराधीन बंदी हथकड़ी से हाथ निकाल कर फरार हो गया। आरोपी पंचराम निषाद को नवागढ़ पुलिस ने ठगी के मामले मे गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ प्रदेश के कई जिले मे ठगी का मामला दर्ज है।



अस्पताल के बेड में पड़ी हथकड़ी व इंसेट में फरार बंदी।

दरअसल सक्ती जिला के चंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम चंदेली का 37 वर्षीय पंचराम निषाद पिछले कुछ सालों से जांजगीर चाम्पा जिला समेत प्रदेश के कई जिलों में ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। नवागढ़ पुलिस ने उसे 28 अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शुक्रवार 7 नवंबर को तबियत बिगड़ने पर उसे जिला चिकित्सालय जांजगीर भेजा गया। पंचराम के हांथ में फ्रेक्चर आया था। साथ ही उसे बुखार और दस्त की भी शिकायत थी। उसे अस्पताल के बंदी वार्ड में भर्ती किया गया था। एक प्रहरी भी उसके साथ अस्पताल में था। शनिवार 8 नवंबर की सुबह 10 बजे डॉक्टर ने परीक्षण के बाद दवाई लिखी। पंचराम के हांथो में हथकड़ी बंधी थी, तो प्रहरी खुद दवाई लेने चला गया। प्रहरी जब दवा लेकर वापस लौटातो देखा कि बंदी पंचराम हथकड़ी से हाथ निकाल कर फरार हो गया था। प्रहरी ने घटना की सूचना जिला अस्पताल चौकी में पुलिस को दी। जेल प्रशासन को भी सूचना दी गई। सभी मिल कर पंचराम की तलाश करने लगे। अस्पताल मे लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए गए, लेकिन पंचराम कैसे भागा इसका पता अभी नहीं चल सका है। कोतवाली पुलिस पंचराम की तलाश और मामले की जांच में जुटी है।

#### जेल प्रहरी निलंबित

विचाराधीन बंदी के जिला अस्पताल से फरार होने के मामले में ड्यूटी में तैनात जेल प्रहरी की लापरवाही सामने आई है। लापरवाही बरतने वाले प्रहरी भुवनेश्वर पैकरा पर कार्रवाई करते हुए जेल अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। इधर फरार विचाराधीन बंदी की तलाश में पुलिस जुटी है।

#### चल रही तलाश

विचाराधीन बंदी पंचराम निषाद को 28 अक्टूबर को जेल में निरुद्ध किया था। उसका हाथ फ्रेक्चर हुआ था, जिसमे प्लास्टर के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। शनिवार की सुबह उसके अस्पताल से फरार होने की सूचना मिली। पंचराम की तलाश और मामले की जांच की जा रही है। ड्यूटी में तैनात जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है।

-डीडी टोंडर
जेलर, जिला जेल जांजगीर

# सीआईडी आईजी व एसपी का राउरकेला दौरा



**राउरकेला।** ओडिशा के आईजी, सीआईडी सीबी सार्थक सारंगी आई पी एस शनिवार को राउरकेला पहुंचे। उनके साथ एसपी सीआईडी सीबी परमार स्मित पर्षोत्तमदास आईपीएस भी थे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने राउरकेला उदित नगर स्तिथ जिला पुलिस मुख्यालय, डीपीओ कॉन्फ्रेंस हॉल में एसपी राउरकेला नितेश वाध वानी व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले की अपराध स्थिति, लंबित जांचों और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ साथ जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपने दौरे के दौरान आईजी सारंगी और उनके सहयोगियों ने हाल ही में उद्घाटित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने रीयल.टाइम निगरानी प्रणाली, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र और फील्ड इकाइयों के बीच समन्वय की दक्षता की समीक्षा की। अधिकारियों ने पुलिस बल को सक्रिय और तकनीकी रूप से सशक्त पुलिसिंग अपनाने पर बल देते हुए कहा कि आपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा जन सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना समय की मांग है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल से लौट रहे छात्र पर जानलेवा हमला, दो गिरफ्तार

**हसौद।** स्कूल से घर लौट रहे नाबालिक छात्र पर गांव के ही दो युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। छात्र के गले और उंगलियों पर गंभीर चोट आई हैं। मामला सक्ती जिला के हसौद का है जहां 8 नवंबर शनिवार की दोपहर लगभग 12 बजे सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ाई कर 12 वर्षीय साहिल साहू घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के गोकुल साहू और बादल सागर ने मिलकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया उसके गले, दोनों हाथों की उंगलियों पर गंभीर चोट आई। खून से लथपथ साहिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसौद ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हसौद थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन की शिकायत पर आरोपी गोकुल साहू पिता रमेश साहू और बादल सागर पिता प्यारे सागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2), 118(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### नो एंट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 8 चालक से वसूला जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** नो एन्ट्री में भारी वाहन प्रवेश करने वाले 15 वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा कार्रवाई करते साढ़े 37 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टीगत रखते हुए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर अलग - अलग जगहों में वाहन चेकिंग किया गया। जिसमें 15 बड़ी गाड़ियों के वाहन चालको के द्वारा नो एन्ट्री जांजगीर शहर में प्रवेश करने पर चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### महिला से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** महिला को अकेली पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से जानकारी मिली कि आरोपी जगन्नथ पाटले उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बम्हनीन थाना अकलतरा द्वारा पीडिता को अकेली पाकर उसे बेइज्जती करने की नियत से छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता चिल्लाई तो आरोपी वहां से भाग गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर से थाना अकलतरा में धारा 74, 79 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी जगन्नथ पाटले को पकड़ा, जिसको हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने एवं अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है।

### रात्रि के समय सुपर बाजार से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** रात्रि के समय अशोक सुपर बाजार में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के वार्ड क्रमांक 15 निवासी मनोज कुमार गर्ग ने 7 नवंबर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अशोक सुपर बाजार का संचालन करता है। इस दौरान 6 नवंबर की रात्रि करीबन 9 बजे अपने दुकान को बंद करके घर आ गया और खाना पीना खाकर सो गया। अगले दिन 7 नवंबर की सुबह सक्ती निवासी अमीन खान को घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना कारवाही से आरोपी अमीन खान पिता सलीम खान उम्र 25 वर्ष के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### श्मशान में तंत्र-मंत्र कर मृतका को जीवित करने का दावा

# टोनही बताकर महिला से मारपीट एएसआई समेत आठ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गांव में पनपे अंधविश्वास ने एक बार फिर इंसानियत को झकझोर दिया है। दुलदुला थाना क्षेत्र के भिंजपुर गांव में एक महिला को टोनही बताकर भीड़ ने घर में घुसकर मारपीट की। इस शर्मनाक घटना में शामिल आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिनमें रायपुर में पदस्थ एक एएसआई भी शामिल है। मृतका को जीवित करने का दावा करने वाला बैगा और उसके साथी अब भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

■ बैगा व उसके साथी फरार, पुलिस की तलाश जारी

पुलिस के अनुसार घटना 8 नवम्बर की सुबह करीब 4 बजे की है। ग्राम भिंजपुर निवासी 53 वर्षीय महिला अपने घर में भोजन बनाने की तैयारी कर रही थीं, तभी अचानक बाहर शोर-गुल की आवाजें सुनाई दीं। बाहर कुछ लोग गालियां दे रहे थे और टोनही को बाहर निकालो चिल्ला रहे थे। महिला ने डर के कारण दरवाजा नहीं खोला।



#### रायपुर में पदस्थ एएसआई की पत्नी की मृत्यु से जुड़ा है मामला

पुलिस जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। मुख्य आरोपी फूलचंद भगत उम्र 55 वर्ष रायपुर में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। उसकी पत्नी सुनीता भगत की मृत्यु 30 अक्टूबर 2025 को रायपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान हुई थी। सुनीता का अंतिम संस्कार उसके गृहग्राम भिंजपुर में किया गया था। इसी दौरान फूलचंद के कुछ रिश्तेदारों ने उसे बताया कि वे एक बैगा को जानते हैं, जो मृतकों को जीवित करने की शक्ति रखता है। फूलचंद ने बैगा से संपर्क किया, जिसने दावा किया कि सुनीता की मौत गांव की महिला फौसी बाई के जादू-टोने से हुई है।

#### श्मशान में तंत्र-मंत्र कर फैलाया अंधविश्वास

बैगा और उसके साथियों को लेकर फूलचंद भगत अपने रिश्तेदारों के साथ भिंजपुर के श्मशान घाट पहुंचा, जहां मृतका की कब्र के पास तंत्र-मंत्र की क्रिया की गई। उसी समय बैगा ने कहा कि सुनीता की आत्मा को मुक्त करने के लिए टोनही को बुलाना पड़ेगा और इसके लिए पीड़िता को दोषी बताया गया। आरोपियों ने रात भर श्मशान में यह क्रिया की और अगली सुबह उसी प्रभाव में महिला के घर जाकर हमला कर दिया।

#### इनको किया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में गायत्री भगत 30 वर्ष, फूलचंद भगत 55 वर्ष, एएसआई रायपुर, विष्णु भगत 45 वर्ष, अनीता भगत 40 वर्ष, रमेश भगत 45 वर्ष, ललिता भगत 40 वर्ष, अंजना मिंज 35 वर्ष, तेलेस्फोर मिंज 50 वर्ष सभी आरोपी ग्राम भिंजपुर, थाना दुलदुला निवासी हैं।

#### मामला पंजीबद्ध, बैगा व साथी की तलाश

मामले में बीएनएस की धारा 296, 351 (2), 115 (2), 333, 190, 191 (2) एवं छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 की धारा 4 और 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं तंत्र-मंत्र करने वाला बैगा और उसके साथी फरार हैं, जिनकी पुलिस सक्रियता से खोजबीन कर रही है।

#### टोनही कहना अपराधः एसएसपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने घटना को गंभीर मानते हुए कहा कि जादू-टोना और किसी को टोनही कहना न सिर्फ अंधविश्वास है, बल्कि यह कानून की दृष्टि में भी गंभीर अपराध है। जशपुर पुलिस ने इस मामले में सभी आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आमजन से अपील है कि अंधविश्वास से दूर रहें और ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कुनकुरी नगर पंचायत में पीआईसी सदस्यता को लेकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी नगर पंचायत में अध्यक्ष द्वारा पीआईसी (पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर कमेटी) की सदस्यता में किए गए फेरबदल का मामला अब राजनीतिक और सामुदायिक दोनों स्तर पर तूल पकड़ चुका है।

जानकारी के मुताबिक, नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील पर आरोप है कि उन्होंने वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद रुखसाना बानो को पीआईसी सदस्यता से हटाकर वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद अजीत केरकेट्टा को नया सदस्य बना दिया। इस निर्णय से कांग्रेस के ही कई पार्षद नाराज़ हो गए हैं। यहां तक कि नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं पीआईसी मेंबर इमरान ने अध्यक्ष के फैसले का विरोध करते हुए इस्तीफा देने की पेशकश कर दी और कांग्रेस के आला नेताओं को शिकायत पत्र भेज दिया है। इसी विवाद के बीच सोशल मीडिया पर एक कथित शिकायत पत्र वायरल हुआ, जिसमें अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नाम से पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को संबोधित करते हुए लिखा गया था, कि मुस्लिम पार्षद को पीआईसी से हटाना मुस्लिम समाज का अपमान है।" साथ ही पत्र में लिखा था कि अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई थी। उसमें पुराने लेटरपैड का इस्तेमाल, नायब सदर सेक्रेटरी का पुराना मोबाइल नंबर, और दूसरे जमात के पदाधिकारी के हस्ताक्षर पाए गए। वायरल पत्र को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के नवनियुक्त सदर हाजी आशिक अस्दकी, सेक्रेट्री सज्जाद खलीफा, और खजांची रकीब खान ने मीडिया के सामने आकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा नायब सदर सेकेट्री के हस्ताक्षर की बात करें तो वह उन्हें अपनी ओर समाज को बकायदा सिल साइन कर पूरी तरह से समर्थन दिया है। समाज किसी भी परिस्थित में अलग नहीं है।

■ पार्षद को हटाए जाने पर मचा विवाद, फर्जी लेटर ने बढ़ाया बखेड़ा

# प्रयास आवासीय विद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर में व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया साथ में सोशल मीडिया, साइबर क्राइम, इंटरनेट के उपयोग के बारे में एवं उसके दुष्प्रभाव भी बताया गया।

गायत्री परिवार के रवि गुप्ता ने गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब तंबाकू आदि दुर्व्यसनों के बारे में बताया गया और उनसे होने वाले बीमारियों के संबंध में एवं पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बैनर पोस्टर सिखाया एवं सभी को नशा मुक्ति हेतु संकल्प दिलाया एवं बच्चों ने नशामुक्ति हेतु हस्ताक्षर कर संकल्प लिया। गायत्री परिवार से तूलिका पाठक ने मानव जीवन की गौरव गरिमा का बखान करते हुए कहा कि 84 लाख योनियों के बाद बड़े भाग्य से यह हम हमारा सुंदर शरीर हमें ईश्वर द्वारा मिलता है परंतु हम इस मंदिर जैसे शरीर में नशा पान करके इसे बर्बाद करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिजली का तार लगने से हमारे शरीर को खत्म कर देता है नशा भी उसी प्रकार हमारे शरीर को बर्बाद कर देता है। इस दौरान निद्रावती चौहान ने कहा कि नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम कर हम अपने बुद्धि को बहुत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने, शालीनता अपनाने, स्वावलंबी बनने एवं सेवाभावी बनने हेतु आवाहन किया। इसके पश्चात किरण सिंह ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के बारे में बताया एवं उन्होंने कहा कि मोबाइल का सही अर्थों में अध्ययन सामग्री के लिए हम प्रयोग करें तो इस ज्ञान के सागर से हम बहुत कुछ सिख सकते है। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल के दुरूपयोग से समय की बर्बादी हो रही है, एआई के जमाने में सोशल मीडिया में फोटो से कई प्रकार से साइबर क्राइम हे। लोगों को रील स्क्रॉल करने का भी नशा हो गया है एवं लोग मोबाइल की एक अलग ही दुनिया में सिमटते चले जा रहे है जो हमारे सामाजिक जीवन के लिए बहुत ही घातक है।



# 73 मरीजों को मिर्गी रोग की दवा का वितरण

**जशपुरनगर।** अघोर पीठ वामदेव नगर गम्हरिया में 9 नवम्बर को बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर में कुल 73 मरीजों को संस्था द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 6 बच्चे भी थे।

शिविर का शुभारम्भ प्रातः 5 बजे अघोरेश्वर भगवान राम एवं गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिये अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह जी एवं उनके सहयोगी धर्मेन्द्र सिंह जी को आमंत्रित किया गया था। शिविर में रांची, गुमला, सिमडेगा ,चतरा, देवघर ,टाटा, डाल्टनगंज, लातेहार (झारखण्ड) रायपुर, दुर्ग लैलूँगा, कुसमी बेमेतरा, सरगुजा रायगढ़, कोरबा, चिरमिरी, जांजगीर-चांपा ,बलरामपुर पत्थलगांव, कांसाबेल, मनोरा जशपुर (छत्तीसगढ़), सीधी ,सिहोर (मध्यप्रदेश) वीरमित्रपुर, राजगंगपुर ओडिशा आदि क्षेत्रों से मरीज उपस्थित थे। दवा वितरण पश्चात वैद्य रंजीत सिंह जी द्वारा औषधि सेवनकाल में किये जाने वाले परहेज एवं सावधानियों को विस्तार से बताया गया। अगला शिविर तीन माह के बाद 8 फरवरी 2026 को इसी अघोर पीठ, वामदेव नगर, गम्हरिया आश्रम में आयोजित किया जायेगा। साथ ही मरीजो को यह भी निर्देशित भी किया गया कि अगले शिविर में दवा लेने हेतु 7 फ़रवरी 2026 को ही सायकाल में आश्रम परिसर में उपस्थित हो जाये। शिविर को सफल बनाने में पीके वास्तव, संतोष मिश्र, प्रशांत सिंह,सत्येन्द्र सिंह (मामा), अखिलेश यादव, वेद तिवारी, शिवम अक्षय सिंह का विशेष योगदान रहा।




## राउरकेला की होमगार्ड आशा बच्चे को गोद में लेकर निभा रहीं ड्यूटी



**राउरकेला।** राउरकेला के छेन्ड स्थित स्पेस स्क्वायर पर इन दिनों एक ऐसा दृश्य देखने को मिल रहा है, जो हर राहगीर के मन में सम्मान और प्रेरणा की भावना भर देता है। व्यस्त सड़कों के बीच ट्रैफिक नियंत्रित करती एक महिला होमगार्ड आशा डिग्गा अपनी गोद में पांच महीने के शिशु को थामे हुए पूरे समर्पण के साथ अपनी ड्यूटी निभा रही हैं। मातृत्व और कर्तव्य के इस अद्भुत संगम ने आशा को न सिर्फ राउरकेला पुलिस जिला का गौरव बनाया है, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा भी। आशा तिग्गा का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। उनके पति एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर बिस्तर पर पड़ गए, जिसके बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। घर में बच्चे की देखभाल करने वाला कोई न होने के कारण उन्होंने साहसिक निर्णय लिया अपने शिशु को साथ लेकर ड्यूटी करने का। आशा कहती हैं, मुझे अपने बच्चे और अपने काम दोनों का ध्यान रखना पड़ता है। जब घर में मदद के लिए कोई नहीं है, तो दोनों जिम्मेदारियां खुद ही निभानी पड़ती हैं। उनके शब्दों में दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा झलकती है। रोज़ उस चौराहे से गुजरने वाले लोग उनके समर्पण के गवाह हैं। एक राहगीर ने कहा, हमने उन्हें तेज धूप और बारिश में भी लगातार आठ घंटे तक ड्यूटी करते देखा है। बच्चे को गोद में लेकर इतनी निष्ठा से काम करना वाकई प्रशंसनीय है। वहीं एक महिला राहगीर ने भावुक होकर कहा, एक मां होने के नाते मैं उनकी कठिनाई समझ सकती हूं। आशा आज हर कामकाजी महिला के लिए प्रेरणा हैं।

## वन सुरक्षा समितियों से उजड़े जंगलों का पुनरुद्धार



**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ वनमंडल के अंतर्गत शुक्रवार को ओडिशा वनांचल विकास परियोजना द्वितीय चरण की वार्षिक समीक्षा बैठक बड़े ही उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। यह बैठक सुंदरगढ़ वनमंडल अधिकारी खुशवंत सिंह एवं सहायक वन संरक्षक मानस कुमार मुर्मू के पर्यवेक्षण में जिलाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप परियोजना निदेशक यशोवंत बरिहा थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र, सुंदरगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक मनोज कुमार जेना, सहायक उद्यान निदेशक मानसिंह सोरेन, परियोजना निदेशक जलविभाजिका प्रसन्न कुमार पात्र, डॉ. स्वरूप रंजन महापात्र, श्रीमती द्रौपदी दास, डॉ. सिद्धार्थशंकर जेना, श्रीमती दयामंती नायक तथा सेवक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि परियोजना के सहयोग से वन सुरक्षा समितियों के प्रयासों ने न केवल उजड़े जंगलों का पुनरुद्धार किया है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन जीविका में भी उल्लेखनीय सुधार लाया है। वनमंडल अधिकारी खुशवंत सिंह ने परियोजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला तथा इसके और व्यापक क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे गंगपुर स्पोर्ट्स एकेडमी में खेला गया मैच



**राउरकेला।** भारतीय हॉकी के गौरवशाली 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में जहां राष्ट्रीय उत्सव का माहौल रहा, वहीं राउरकेला स्थित गंगपुर स्पोर्ट्स एकेडमी ने भी इस ऐतिहासिक अवसर को भव्यता से मनाया। हॉकी इंडिया की इकाई सदस्य होने के नाते एकेडमी की ओर से हमीरपुर हाई स्कूल मैदान में विशेष हॉकी मैच का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना और देशभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव हरमन लकड़ा सेवानिवृत्त हॉकी कोच, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी की समृद्ध परंपरा और उसके स्वर्णिम इतिहास को स्मरण करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा हाकी भारत की आत्मा में बसने वाला खेल है। इसकी विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्योति लकड़ा सेवानिवृत्त ओएएस अधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारतीय हॉकी का सौ वर्षीय इतिहास मेहनत समर्पण और राष्ट्रीय गौरव की मिसाल है। विशिष्ट अतिथियों में जॉर्ज लकड़ा किरिति सोरेंग फादर राजकुमार मिंज सैमसन लकड़ा सुशील एक्का कुमारी मेरी जस्टिना लकड़ा जितेन्द्र कुमार और एलेक्ज़ेंडर किंडो शामिल रहे।

## शंकर ओराम बनाम रोहित जोसेफ तिर्की मामला खत्म

**राउरकेला।** कटक ओड़िशा उच्च न्यायालय ने 22 अक्टूबर को एक महत्वपूर्ण आदेश में ईएलपीईटी संख्या 17/2024 शंकर ओराम बनाम रोहित जोसेफ तिर्की एवं अन्य से संबंधित चुनाव याचिका को निर्देशों आवश्यक सहयोग के अभाव में खारिज कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा की पीठ द्वारा पारित किया गया। प्रकरण में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आर महापात्रा उपस्थित थीं, जबकि प्रतिवादी पक्ष की ओर से एमएस बेहरा ने पक्ष रखा। अदालत ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता की ओर से पूर्व आदेशानुसार निर्धारित अवधि में न तो आपत्तियाँ दाखिल की गईं और न ही अधिवक्ता कल्याण कोष में 5,000 की राशि जमा करने की रसीद प्रस्तुत की गई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने न्यायालय में एक ज्ञापन दाखिल कर सूचित किया कि बार-बार डाक, स्पीड पोस्ट और व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से संपर्क करने के बावजूद याचिकाकर्ता से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि निर्देशों के अभाव में वे इस मामले को आगे संचालित करने में असमर्थ हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा ज्ञापन में वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि चुनाव याचिकाकर्ता अब इस याचिका को आगे बढ़ाने में रुचि नहीं रखते। इस आधार पर न्यायालय ने चुनाव याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि चूंकि मुख्य याचिका खारिज कर दी गई है अतः संबंधित आई संख्या 40/2025 और आईए संख्या 70/2025 को भी निष्प्रभावी माना जाए। अदालत ने अपने आदेश की प्रति भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य विधानसभा अध्यक्ष को तत्काल भेजने का निर्देश दिया है ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### जशपुर जम्बुरी छू रहा सफलता की उंचाई

# पर्यटकों ने चार दिनों तक प्रकृति की गोद में एडवेंचर का भरपूर आनंद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

तीसरे दिन की शुरुआत हुई देश देखा से, जहां प्रतिभागियों ने स्वादिष्ट स्थानीय नाश्ता किया और हल्की-फुल्की गतिविधियों के साथ दिन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जशपुर जम्बुरी का आयोजन किया जा रहा है।

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर्यटन को दे रहे बढ़ावा

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार दिशा निर्देश में 6 से 9 नवम्बर तक सफलता पूर्वक जशपुर जम्बुरी कार्यक्रम का संचालन किया गया। वन मंडला अधिकारी शशि कुमार,डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा और रोजगार अधिकारी सु दुर्गेशवरी सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिन्होंने सभी गतिविधियों के सुचारू संचालन और व्यवस्थाओं में योगदान दिया। हमारे सहयोगियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईरू ट्रिप्पी हिल्स ने ऑन-ग्राउंड संचालन, लॉजिस्टिक्स और प्रचार-प्रसार में व्यापक योगदान दिया, जिससे हर गतिविधि व्यवस्थित और यादगार बनी। वहीं, होमस्टेज़ ऑफ़ इंडिया ने प्रचार, ब्रांडिंग और आउटरीच में सहयोग किया इसके साथ ही स्थानीय मीडिया ने भी जम्बुरी के प्रचार प्रसार में विशेष सहयोग दिया है। जशपुर जम्बुरी को सफल बनाने में जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों का विशेष योगदान दिया है। जिसके कारण जशपुर जम्बुरी सफलता की ऊंचाई छू रहा है।




नाश्ते के बाद प्रतिभागियों ने रोमांचक रॉक क्लाइम्बिंग, जुमारिंग, रैपलिंग, ज़िपलाइनिंग और बोल्डरिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिससे देश देखा जीवंत और उत्साहपूर्ण हो उठा। सुबह के रोमांच के बाद प्रतिभागियों को दो समूहों में बाँटा गया। पहला समूह रवाना हुआ मयाली की ओर, जहाँ उन्होंने कयाकिंग, एक्वा साइक्लिंग, एटीवी राइड्स, पेंटबॉल, पैरामोटरिंग और हॉट एयर बलूनिंग का आनंद लिया। मयाली डैम के किनारे परोसे गए स्वादिष्ट स्थानीय भोजन के बाद यह समूह शाम तक वापस देश देखा लौट आया। दूसरा समूह देश देखा से सारूडीह, रानीदाह और जशपुर संग्रहालय गया, जहाँ प्रतिभागियों ने जशपुर की सांस्कृतिक विरासत, कला और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव किया।

## मुख्यमंत्री के संभावित आगमन की तैयारी कलेक्टर ने किया गोकुल धाम का निरीक्षण



**जशपुरनगर।** यज्ञ नगर गोकुल धाम कण्डोरा में 12 नवंबर को आयोजित गोकुला अष्टमी पूजा महोत्सव 2025 में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने आज आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीएम नन्द जी पांडेय सहित महाकुल यादव समाज के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग, यातायात और आमजन की सुविधा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# ‘द फैमिली मैन 3’ में नए चेहरों के बीच फंसे ‘श्रीकांत तिवारी’

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज ‘द फैमिली मैन 3’ का ट्रेलर जारी हो गया है। इसे देखने के बाद लोगों की उम्मीदें सांतवें आसमान पर पहुंच गई हैं। श्रीकांत तिवारी के किरदार में मनोज पिछले दोनों सीजन जैसे कमाल लगे हैं, लेकिन दो नए चेहरों के बीच उन्हें फंसा दिखाया गया है। पहला चेहरा जयदीप अहलावत का है, जो विलेन बने हैं। दूसरीं निमृत कौर हैं, जिनके किरदार में सस्पेंस है। ‘द फैमिली मैन 3’ का ट्रेलर 2 मिनट 49 सेकंड का है, जिसकी शुरुआत मनोज उर्फ श्रीकांत से होती है। ट्रेलर में वह दोनों बच्चों को अपने काम के बारे में बताते दिखते हैं। अभिनेता को पहली बार सीरीज में परेशान दिखाया गया है और जयदीप उन पर भारी पड़ रहे हैं।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## विजय संग शादी की जगह-तारीख आई बाहर

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरों ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। अब दोनों की शादी की तारीख पर चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों अपने रिश्ते को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगले साल 2026 में रश्मिका और विजय शादी कें बंधन में बंध जाएंगे। शादी की तारीख और जगह क्या होगी, यह जानकारी भी बाहर आ गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया है जिसमें दावा किया गया है कि रश्मिका और विजय अगले साल 26 फरवरी, 2026 को शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रहे हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए उदयपुर का भव्य पैलेस चुना है। इस पोस्ट ने आते ही हलचल मचा दी है, जिस पर लोग भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, ‘यह अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी शादी होगी!’ दूसरे ने लिखा, ‘बधाई हो।’

***रश्मिका ने दिखाई थी सगाई की अंगूठी :*** रश्मिका और विजय के करीबी सूत्र ने को बताया कि दोनों ने 3 अक्टूबर को निजी समारोह में सगाई की थी। ‘गर्लफ्रेंड’ के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री ने जगपति बाबू के टॉक शो ‘जयम्मु निश्चयमु रा’ में अपनी अंगूठियां भी दिखाई थीं, जिसमें से एक उनकी सगाई की अंगूठी थी। जब अभिनेता ने विजय का नाम लिया, तो रश्मिका काफी शर्म से लाल हो गईं थी। रश्मिका आखिरी बार आयुष्मान खुराना के साथ ‘थामा’ में नजर आई हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# दर्शकों के बीच फिर लौटने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों के शौकीनों का इंतजार खत्म होने वाला है। इस पॉपुलर फ्रेंचाइजी की अगली किस्त ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ लोगों के बीच जल्द लौटने को तैयार है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला ट्रेलर रिलीज करने के लिए एक खास योजना बनाई है। जाहिर है कि एमसीयू की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सेट से फोटो लीक होने के बाद यह उत्साह और बढ़ गया था।




# बॉलीवुड-साउथ की धुरंधर फिल्मों पर भारी पड़ी हॉलीवुड की ‘प्रेडेटर बैडलैंड्स’

**लॉस एंजिल्स।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार जब एक साथ कई फिल्में रिलीज हुईं, तो दर्शकों के सामने कई विकल्प मौजूद थे। बॉलीवुड से लेकर साउथ और हॉलीवुड तक सिनेमाघरों में कई फिल्में देखने के लिए मौजूद थीं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि इस बार बॉलीवुड नहीं, बल्कि हॉलीवुड की एक साइंस-फिक्शन थ्रिलर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हम बात कर रहे हैं ‘प्रेडेटर बैडलैंड्स’ की, जिसने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर बाकी सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए धमाकेदार शुरुआत की है। 7 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 2.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। दिमित्रियस शूस्टर-कोलोमाटांगी और एले फैनिंग जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाया। फिल्म को मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन एक बात तय है- इसका रोमांचक एक्शन और डरावना विजुअल अनुभव भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रहा है।



# श्रद्धा कपूर सीख रहीं लावणी डांस...

**मुंबई।** बॉलीवुड की ‘स्त्री’ यानी श्रद्धा कपूर काफी समय से अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनका आगामी प्रोजेक्ट विथाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जीवनी पर आधारित होगा। ताजा जानकारी है कि श्रद्धा ने इस फिल्म के लिए तीन महीने तक लावणी और गवलन डांस सीखा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर करेंगे, जो इससे पहले विक्की कौशल की ‘छावा’ से प्रसिद्धी हासिल कर चुके हैं। आइए जानते हैं श्रद्धा की इस आगामी फिल्म के बारे में। विथाबाई भाऊ पर आधारित, श्रद्धा की बायोपिक फिल्म का नाम ‘ईथा’ रखा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्र ने कहा, उनकी मां शिवांगी कोल्हापुरी महाराष्ट्रीयन हैं, इसलिए श्रद्धा इस संस्कृति में गहराई से जुड़ी हैं। एक और खूबी उनकी डांस है, क्योंकि यह विथाबाई की जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा थी।



# अक्षय लव ट्रायंगल से करेंगे मनोरंजन

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार साल में 5 से 6 फिल्में करने में विश्वास रखते हैं। इस साल ‘केसरी चैप्टर 2’ और ‘हाउसफुल’ समेत उनकी कई फिल्में रिलीज हुईं और अब नजर 2026 पर है। अक्षय ने कई साउथ फिल्मों के हिंदी रीमेक में काम किया है, जिसमें ‘राउडी राठौर’, ‘सरफिरा’ और ‘सेल्फी’ शामिल हैं। अब वह साउथ की फिल्म ‘संक्रांतिकी वस्तुनम’ की मूल कहानी को बरकरार रखते हुए इसका पुनर्निर्माण करेंगे। इसके लिए वह फिर अनीस बज्मी के साथ जुड़े हैं। सूत्र ने बताया है कि अक्षय और अनीस को फिल्म ‘संक्रांतिकी वस्तुनम’ की कहानी बेहद पसंद आई है। फिल्म में मुख्य अभिनेता वेंकटेश हैं, जो अपनी पत्नी और प्रेमिका के बीच फंसे होते हैं। अनीस पहले से रिलीज हुईं फिल्मों के आधार पर नई कहानियां लिखने में माहिर हैं।

## टीवी मसाला



# काम्या ने खोली निर्माताओं की पोल, कहा- गंदा है; पर धंधा है

**मुंबई।** ‘बिग बॉस 19’ के हालिया एपिसोड में नॉमिनेशन टास्क हुआ। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए 5 प्रतियोगियों को नॉमिनेट किया गया है। इससे जहां एक ओर ‘बिग बॉस’ के घर में घमासान मच गया है, वहीं घर के बाहर भी चर्चा जारी है। अब टीवी अभिनेत्री और ‘बिग बॉस 7’ का हिस्सा रहीं काम्या पंजाबी ने इस टास्क की आलोचना की और इसी के साथ उन्होंने ‘बिग बॉस’ के निर्माताओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

***ऐसे खेला गया नॉमिनेशन टास्क :*** इस हफ्ते का नॉमिनेशन टास्क जोड़ियों में खेला गया। घरवालों को दो-दो के जोड़े में बुलाया गया और उन्हें दूसरे सदस्यों के नाम देकर फैसला करना था कि किसे बचाना है और किसे नॉमिनेट करना है। कुल 5 राउंड हुए। बेघर होने के लिए नीलम गिरी, अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, अशनूर कौर और फरहाना भट्ट का नाम सामने आया। उधर काम्या हर सीजन के दौरान सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं। अब उन्होंने नॉमिनेशन के तरीके पर सवाल उठाए हैं।

***बिग बॉस ने नॉमिनेट किए सदस्य- काम्या :*** काम्या ने एक्स पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, ‘ये कैसा नॉमिनेशन है? जिस तरफ के विकल्प, जिन लोगों को दिए गए थे, इससे एकदम साफ था कि ‘बिग बॉस’ खुद इन लोगों को ही नॉमिनेट करना चाहते थे। गंदा है, पर धंधा है ये।’ उनके इस पोस्ट पर लोगों ने भी सहमति जताई और कहा कि इस बार का नॉमिनेशन तय था। वैसे काम्या से पहले हिना खान ने शो की नॉमिनेशन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे।

## कौन हैं कशिश अग्रवाल, जिसे डेट कर रहे शहनाज के भाई शहबाज



‘बिग बॉस 19’ हमेशा से दर्शकों का मनोरंजन करता आया है। कई बार प्रतियोगी शो के दौरान निजी जिंदगी से जुड़े ऐसे अपडेट्स देते हैं, जिनपर चर्चा शुरू हो जाती है। पिछले दिनों अभिषेक बजाज अपनी पूर्व पत्नी आकांक्षा जिंदल के चलते सोशल मीडिया पर छाए थे। अब शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा ने लव लाइफ पर संकेत देते हुए दर्शकों को नया मसाला दे दिया है। उन्होंने बताया कि वह कशिश अग्रवाल को डेट कर रहे हैं। लाइवफीड के दौरान, शहबाज शो में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहते हैं, आज मुझे किसी की याद आ रही है। अपनी गर्लफ्रेंड की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर निजी जिंदगी के बारे में बात नहीं करने के लिए उन्हें कई लोगों से सलाह मिली थी।

# खत्म किया पति मयंक गांधी संग नौ साल पुराना रिश्ता

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली ने पति मयंक गांधी संग अपनी 9 साल की शादी को खत्म करने का फैसला ले लिया है। यही नहीं दोनों के तलाक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पिछले कुछ महीनों से दोनों के अलगाव की खबरों ने जोर पकड़ रखा था। चर्चा थी कि अभिनेत्री ने ‘बिग बॉस 19’ का न्यौता भी इसलिए ठुकराया था, क्योंकि उनके तलाक की प्रक्रिया चल रही थी। अब हुनर ने खुद तलाक की पुष्टि की है। एक इंटरव्यू में हुनर ने कहा, हम तलाक लेने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन यह अभी भी प्रक्रिया में है। इसलिए मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहती। मुझे लगता है कि अगर कोई भी बात आती है बाहर तो बहुत सारे माध्यम हैं जिसकी जरूरी चीजें बाहर आती है। मैं कभी भी इस्तेमाल का सवाल नहीं उठाती क्योंकि मैं जानती हूं कि मैं अभिनेत्री हूं। हम कितना भी इस्तेमाल की सुरक्षा करें, वो हमारे हाथ में नहीं होता।



***प्रक्रिया को आत्मविश्वास से संभाल रहीं अभिनेत्री :*** हुनर ने कहा, हम इतने लोगों से मिलते हैं, उठते हैं, काम करते हैं तो आप इससे निपट सकते हैं और मैं इससे निपट रही हूं। लेकिन मैं इसे आत्मविश्वास के साथ संभाल रही हूं। साल 2016 में हुनर और मयंक ने दिल्ली में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शादी रचाई थी। दोनों के तलाक की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। बता दें कि हुनर ‘12/24 करोल बाग’, ‘पटियाला बेब्स’ और ‘वीर हुनमान’ जैसे शो में नजर आई हैं।

*मुंबई। यामी गौतम अपनी आगामी फिल्म ‘हक’ को लेकर खबरों में छाई हुई हैं, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में उन्हें पहली बार इमरान हाशमी के साथ देखा जाएगा। जाहिर है कि अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं, जिनमें से कुछ फिल्मों की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित रही है। इन फिल्मों को ओटीटी पर देखा जा सकता है, और इन्हें आईएमडीबी पर जबरदस्त रेटिंग मिली है।*

# ओटीटी पर धूम मचा रहीं ये फिल्में, जबरदस्त है रेटिंग...

### ‘उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक’ और ‘अ थर्सडे’

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म ‘द सर्जिकल स्ट्राइक’ में यामी ने अहम किरदार निभाया था। यह फिल्म भारतीय सेना की ओर से आतंकवादी सैन्य ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर आधारित है। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 8.2 की रेटिंग मिली है। यामी की ‘अ थर्सडे’ वैसे तो काल्पनिक कहानी पर बनी है, लेकिन अभिनेत्री ने अपने अभिनय से खूब वाहवाही बटोरी थी। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर है, और इसे 7 रेटिंग मिली है।

### ‘आर्टिकल 370’ और ‘बदलापुर’

फिल्म ‘आर्टिकल 370’ में यामी ने सीक्रेट एजेंट जूनी हस्कर का किरदार निभाया था, जो फिल्म के महत्वपूर्ण किरदारों में से एक था। यह फिल्म आर्टिकल 370 हटाने की कार्रवाई पर आधारित है, जिसे आप जी5 पर देख सकते हैं। इसे 7.8 की रेटिंग मिली है। अभिनेता वरुण धवन की फिल्म ‘बदलापुर’ में यामी ने अपनी छोटी सी भूमिका से लोगों का ध्यान खींचा था। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 7.4 की रेटिंग मिली है।




### ‘ओएमजी 2’ और ‘काबिल’

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म ‘ओएमजी 2’ में यामी को महिला वकील के दमदार किरदार में देखा गया था। फिल्म की कहानी यौन शिक्षा को बढ़ावा देती है, जिसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इस फिल्म को 7.5 की रेटिंग मिली है। ऋतिक रोशन की फिल्म ‘काबिल’ यामी की बेहतरीन फिल्मों में शामिल है। इसमें उन्होंने नेत्रहीन महिला का किरदार निभाया था। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

## इमरान और यामी अभिनीत फिल्म को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही

# ‘हक’ सिनेमाघरों के बाद जनवरी में होगी ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम अभिनीत फिल्म ‘हक’ को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों को यामी का अभिनय पसंद आया है, तो कुछ को कहानी पसंद आ रही है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफों के कसीदे तो पढ़े हैं, लेकिन फिल्म देखी नहीं है। ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता के बीच बहुत से लोग फिल्मों को घर बैठकर भी देखना पसंद करते हैं। जानिए ‘हक’ किस ओटीटी पर रिलीज होगी।

***फिल्में 60 दिन बाद देती हैं ओटीटी पर दस्तक :*** एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ‘हक’ अगले साल 2 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। हालांकि निर्माताओं की ओर से भले ‘हक’ की ओटीटी रिलीज पर आधिकारिक बयान नहीं आया हो, लेकिन यह बात तो तय है कि इसमें अभी वक्त है। आमतौर पर हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने के करीब 55 से 60 दिन बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देती हैं। देखा जाए तो निर्माता इमरान और यामी की फिल्म के साथ भी यही फॉर्मूला अपनाएंगे।



### फिल्म ‘हक’ के बारे में

फिल्म ‘हक’ का निर्देशन सुपर्णा एस वर्मा ने किया है। कहानी इंदौर के चर्चित शाह बानो केस से प्रेरित है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। फिल्म में यामी शाजिया बानो के किरदार में हैं, और इमरान अब्बास के किरदार में हैं। इसके अलावा फिल्म में शीबा चड्ढा, एसएम जहीर, वर्तिका सिंह और दानिश हुसैन जैसे कलाकार नजर आए हैं।

## ‘हक’ के अलावा असली कोर्टरूम ड्रामा पर बन चुकी हैं ये फिल्में, ओटीटी पर देखें

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म ‘हक’ कोर्टरूम ड्रामा पर बुनी गई है। इस फिल्म की कहानी 1980 के शाह बानो केस से प्रेरित है। फिल्म में इमरान ने वकील का किरदार निभाया है, लेकिन पति के किरदार में वह काफी अहम रोल अदा करते दिखे हैं। वैसे ‘हक’ के अलावा बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें कोर्टरूम ड्रामा को बखूबी दिखाया गया है। ये फिल्में ओटीटी पर मौजूद हैं, जिनका लुत्फ उठा सकते हैं।




**‘तलवार’ और ‘शाहिद’** : दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म ‘तलवार’ 2015 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। इसकी कहानी नोएडा के डबल मर्डर केस (आरुषि-हेमराज) पर आधारित है। फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है। राजकुमार राव अभिनीत फिल्म ‘शाहिद’ 2013 में रिलीज हुई थी, जिसकी कहानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील शाहिद आजमी की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म को अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध कराया गया है। फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है।

**‘मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे’ और ‘सिर्फ एक बंदा काफी है’**: रानी मुखर्जी की फिल्म ‘मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे’ असली कहानी पर बनी है, जिसमें एक महिला सागरिका चक्रबर्ती ने नॉर्वे की चाइल्ड वेलफेयर सर्विसेज के खिलाफ कानूनी जंग लड़ी थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है। रानी ने इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल पुरस्कार जीता है। मनोज बाजपेयी की ‘सिर्फ एक बंदा काफी है’ जी5 पर मौजूद है। फिल्म की कहानी

## खबर संक्षेप

### वृद्ध आश्रम में किया गया फल वितरण

**कोसीर।** पूर्व गृह मंत्री शहीद नंदकुमार पटेल के जन्म जयंती को कांग्रेस के नेताओं ने आशा निकेतन वृद्ध आश्रम सारंगढ़ में वृद्ध जनों के साथ मनाया। शहीद नंद कुमार पटेल के समर्थकों ने वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों से चर्चा की। उन्होंने किसानों के लिए छत्तीसगढ़ की जनता के लिए शोषित पीड़ित हर वर्ग के लिए अपनी आवाज बुलंद की। वह एक ऐसे नेता थे जिन्हें हर वर्ग हर संगठन सम्मान करता था उनका आत्मीय व्यवहार जो सबको साथ लेकर चलने छोटे बड़े सबका सम्मान करने और अनुशासित रहने की हम सब को शिक्षा देता है। उनका कद धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया, जिसे देखकर राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झीरम घाटी में नक्सलियों ने क्रूरता पूर्ण तरीके से उनकी हत्या कर दी। वह एक युग पुरुष थे। आप सभी उनकी सच्ची श्रद्धांजलि के लिए मंगल कामना करें। अन्य मौके पर भी हम सभी साथी आपके बीच उपस्थित होते रहेंगे चर्चा परीचर्चा के बाद सभी साथियों ने वृद्ध जनों के बीच खाद्य सामग्री और फलों का वितरण किया।

### श्रीराम युवा समिति की प्रस्तुति ने मोहा मन

**पुसौर।** पुसौर से 110 किलोमीटर दूर अंधारीपाली में श्रीराम युवा समिति पुसौर द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें वहां दर्शक भावुक मंत्र मुग्ध हुए। जानकारी के मुताबिक माँ नारायणी के पवित्र धाम अंधारीपाली में कार्तिक महोत्सव पर यह आयोजन भव्य रूप में होता है। जिसमें प्रतिदिन प्रायोजित कार्यक्रम का आयोजन होता है। इसी अनुक्रम में 5 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रीराम युवा समिति पुसौर के द्वारा गीत, म्यूजिक व अभिनय के साथ रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुदामा चरित्र, राम केवट प्रसंग, माया मृग प्रसंग, माता जानकी व हनुमान की प्रथम भेंट, रावण वध व मां काली का दिव्य अलौकिक रूप को देखकर दर्शक भावुक हो गए। ज्ञात हो कि इस वार्ड के पार्षद उमेश साव है जो कि नगर पंचायत के उपाध्यक्ष भी है इनके उक्त कार्यक्रम को लेकर आए दिन इनका उत्साह वर्धन करते रहे है। अंधारीपाली उडीसा में किए गए कार्यक्रम को लेकर सराहना की गई।

### आठ साल बाद भी अधूरा छेंड जामुनाडीपा पुल

**राउरकेला।** शहर के लोगों की वर्षों पुरानी उम्मीदों से जुड़ा छेंड जामुना डीपा पुल आज भी अधूरा पड़ा है। यह पुल साल 2022 में पूर्ण होना था, लेकिन अब 2025 समाप्त होने को है, फिर भी इसका निर्माण कार्य केवल 50 प्रतिशत तक ही पूरा हो सका है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर तीन साल की देरी के बावजूद कार्य की गति इतनी धीमी क्यों है उनका कहना है कि यदि यह पुल पूरा हो जाता है, तो राउरकेला शहर के लिए यातायात का बड़ा बदलाव साबित होगा। इस पुल के शुरू हो जाने से छेंड, एयरपोर्ट, सेक्टर क्षेत्र, आईजीएच अस्पताल, कोईलनगर, झिलपानी, जगदा, जामुनाडीबा, कुआरमुंडा, बिरमित्रापुर और पदमपुर जैसे प्रमुख इलाकों के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। इससे यात्रा समय घटेगा, यातायात सुगम होगा और लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

## ग्रामीणों की मांग पर निर्माण कार्यों की दी स्वीकृति

# पुसौर क्षेत्र के गांवों में अचानक पहुंचे वित्त मंत्री, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी एकाएक पुसौर क्षेत्र के ग्राम सिंगपुरी, चंघोरी और बाराडोली पहुंचे। वहां लोगों समस्याएं सुनी और समाधान किया। इन गांवों में पहुंचकर मंत्री ने कहा इतने अधिक वोट से जीता दिए कि मुझे प्रदेश में कमान संभालना पड़ रहा है। अपने पन के कारण आप लोगों से न मिल पाने का मलाल रह जाता था इसलिए आज बगैर किसी कार्यक्रम के आप लोगों से मिलने आया हूं।

कार्यक्रम सर्वप्रथम सिंगपुरी में आयोजित हुआ। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मंच के बजाए लोगों के साथ दरी में बैठे और उनकी समस्याएं सुनी। इन्होंने मांग के अनुसार किचन शेड्, महानदी में पचरी, स्वास्थ्य केंद्र, चौपाल, चौहान मोहल्ले में सामुदायिक भवन की स्वीकृति दी। वहीं बाढ़ की पानी से बचाव के लिए उचित कदम उठाने की मांग वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता धर्मदेव प्रधान ने की। श्री चौधरी ने धान बोनस, 21 क्विंटल धान खरीदी और दिए जाने वाले आवास को लेकर



ग्रामीणों से चर्चा करते वित्त मंत्री ओपी चौधरी और उपस्थित ग्रामीण।

सरकार की उपलब्धि बताया। लगभग एक घंटे के कार्यक्रम के बाद पड़ोसी ग्राम चंघोरी पहुंचे। यहां भी श्री चौधरी नरसिंह मंदिर निर्माण के लिए डेढ लाख अनुदान के साथ अन्य मांगों की स्वीकृति दी। इसमें शेड् निर्माण एवं तालाब गहरीकरण सहित अन्य कार्य शामिल है। अंतिम ग्राम बाराडोली में हाई स्कूल की मांग की गई। इस पर उन्होंनें आश्वासन दिया। ग्रामवासी पूर्ण रूप से आशान्वित है कि हाईस्कूल की स्थापना हो जाएगी। इस गांव में भी शेड् निर्माण एवं शनि मंदिर के लिए डेढ लाख रूपए देने की घोषणा की। गांव के पुरोनी तालाब के गहरीकरण के लिए नरेगा से स्वीकृति दिलाई गई। वही लोगों की मांग पर टिनमिनी पल्सापाली के अधूरे सड़क को पूरा करने की मांग की। उन्होंने उसे भी पूरा करने का आश्वासन दिया। उक्त कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान, मंडल अध्यक्ष जैमिनी गुप्ता सीईओ विवेक गोस्वामी सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**ग्रामीण विकास हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता**

पुसौर के ग्राम पंचायत परसापाली के ग्राम चंघोरी में क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जनता जनार्दन की समस्याओं का निदान और ग्रामीण विकास हमारी प्राथमिकता है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हर गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ हों ताकि गांव आत्मनिर्भर बनें और हर नागरिक समृद्ध जीवन जी सके।

# गौमाता की सुरक्षा के लिए आगे आए गौ प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

सड़क हादसों से गौमाता को बचाने की एक अनूठी पहल में बंडामुंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन लोहार ने उदाहरण पेश किया है। उन्होंने डीजल कॉलोनी से बिसरा जाने वाली सड़क पर रात के समय बैठने वाली गायों के गले में रेडियम पट्टी बांधने का अभियान शुरू किया है। लखन लोहार ने बताया कि इस सड़क पर रात में गायें दिखाई न देने के कारण अक्सर वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता था।

इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने स्वयं और अपनी टीम के साथ मिलकर अब तक 50 से अधिक गायों के गले में रेडियम बैंड लगाए हैं। इन पट्टियों की चमक से रात में गायें दूर से ही दिखाई देने लगती हैं, जिससे वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं और हादसे टल जाते हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग गायों को खुला छोड़ देते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं। ऐसी स्थिति में बजरंग दल के सदस्य गायों का इलाज करते हैं। अब रेडियम पट्टियों के लगने से ऐसी घटनाएं काफी हद तक कम होने की उम्मीद है। इस नेक कार्य में अमित, मुकेश प्रजापति, कृष्णा यादवए सूरज, सीपू, छोटू, आदित्य और हिमांशु सहित कई युवा सक्रिय रूप से जुड़े हैं। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे मानवीय और अनुकरणीय पहल बताया है।

### सेल स्थापना दिवस पर हाफ मैराथन 2026 का एलान

**राउरकेला।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल की इकाई राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी ने 24 जनवरी 2026 को अपने स्थापना दिवस के अवसर पर राउरकेला में पहली बार राउरकेला हाफ मैराथन 2026 आयोजित करने की घोषणा की है। समृद्धि के लिए दौड़ थीम पर आधारित यह आयोजन तंदुरुस्ती, सामुदायिक भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह मैराथन एआईएमएस अंतर्राष्ट्रीय मैराथन एवं दूरी दौड़ संबद्ध से प्रमाणित है और विश्व मानकों के अनुसार तैयार की गई है।

# गायत्री परिवार ने किया घर-घर में गायत्री यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

रविवार को सरिया में गायत्री परिजनों द्वारा घर-घर में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके पहले गायत्री शक्तिपीठ सरिया से गायत्री परिजनों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल तथा बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई।

गायत्री परिवार की रैली जगन्नाथ मंदिर परिसर पहुंची और महाप्रभु जगन्नाथ के दर्शन कर गायत्री परिजनों ने घर-घर गायत्री यज्ञ के लिए पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने पूरी व्यवस्था के साथ गायत्री यज्ञ में शामिल हुए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि गायत्री परिवार का यह




अभियान सरिया में यह प्रथम अनुष्ठान है। गायत्री और यज्ञ को जीवन के दो पहिया मानकर विश्व की सुख शांति के लिए हर घर में एक ही समय पर सामूहिक रूप से यह यज्ञ आयोजित किया गया। जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित घर-घर गायत्री यज्ञ की अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने घर के सामने कलश स्थापित कर गायत्री परिवार का सम्मान किया तत्पश्चात सरिया नगर में रविवार को 71 घरों में गायत्री परिवार के लोग घर-घर जाकर गायत्री यज्ञ किया गए। गायत्री परिजनों ने बताया कि जनमानस में वैचारिक परिवर्तन लाकर समाज का उत्थान करना ए समाज में सुधार और विश्व कल्याण के लिए गायत्री और यज्ञ के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

### गुरुनानक स्कूल में मनाया गया प्रकाश पर्व

**राउरकेला।** गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व एवं गुरुनानक पब्लिक स्कूल जीएनपीएस के फाउंडेशन डे का आयोजन नौ नवंबर को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में धार्मिक माहौल छा गया। कार्यक्रम में यूएसए से पधारे प्रख्यात कथा वाचक एवं कीर्तनकार श्रद्धेय आनंद वीर सिंह ने अपने मधुर कीर्तन और प्रवचन से सभी का मन मोह लिया। अपने कीर्तन के दौरान उन्होंने गुरुवाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और कलयुग के संदर्भों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता का संदेश दिया। कथा और कीर्तन से पूर्व विद्यालय प्रबंधन की ओर से आनंद वीर सिंह का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा परिसर सतनाम वाहेगुरु के जयघोष से गूंज उठा।

# कोटरीमाल में किया गया सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**घरघोड़ा।** कोटरीमाल में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 6 ग्राम पंचायतों ने भाग लिया। पहले दिन सांसद राधेश्याम राठिया का आगमन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की व राष्टगान, राष्ट्र गीत गाया गया। इन्होंने सभी शिक्षकों, खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात 100 मीटर दौड़ से खेल का शुभारंभ किया गया।

इस आयोजन में 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, खो खो, कबड्डी, रस्साकसी, बैडमिंटन, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, बालीबाल, लम्बी कूद खेल शामिल है। प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड, मैडल, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच,



शिक्षकगण, विद्यार्थी, ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जिन्होंने इस खेल महोत्सव का भरपूर आनंद लिया और खेल, खिलाड़ियों, शिक्षकों की भूरि भूरि प्रशंसा की। यह कार्यक्रम संजीव कुमार पटेल सर के कुशल नेतृत्व, संचालन व मार्गदर्शन में सफल हुआ। घरघोड़ा विकास खण्ड में ग्राम पंचायतों को आठ जोन में बांटकर जोन क्षेत्र बनाया गया है। इसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विकास खण्ड घरघोड़ा स्तर पर प्रदर्शन करने का शुभ अवसर प्रदान किया जाएगा। ब्लाक स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तर पर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

## मेट्रो हॉस्पिटल में दुर्लभ फाइब्रॉइड यूटेरस बच्चेदानी में गांठ की सर्जरी

**रायगढ़।** चिकित्सा जगत में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए श्री बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ में डॉ. स्वाति मिश्रा ने एक जटिल फाइब्रॉइड यूटेरस बच्चेदानी में गांठ सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।



यह सर्जरी 33 वर्षीय अविवाहित महिला पर की गई, जो कई महीनों से गंभीर पेट दर्द और अत्यधिक ब्लीडिंग की समस्या से पीड़ित थीं। इस सर्जरी की खास बात यह रही कि बच्चेदानी गांठ का आकार काफी बड़ा था लगभग एक किलो से अधिक की थी जिससे बच्चेदानी का आकार जायदा बड़ा हो गया था, हीमोग्लोबिन 5 ग्राम से कम था और मरीज अविवाहित थी जिससे गर्भाशय संरचना को सुरक्षित रखते हुए ऑपरेशन करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। डॉ. स्वाति मिश्रा ने अपनी विशेषज्ञता अनुभव धैर्य और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से बच्चेदानी से फाइब्रॉइड यूटेरस बच्चेदानी में गांठ करीब 1 किलो से अधिक वजन को निकालकर एक सफल ऑपरेशन का नया कीर्तिमान बनाया और यह कठिन सर्जरी बिना किसी जटिलता के पूरी की और मरीज को नया जीवनदान मिला। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं और जल्द ही अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आएगी हैं। इस सफलता ने एक बार फिर साबित किया कि बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ उन्नत तकनीक अनुभवी डॉक्टरों और समर्पित टीम के सहयोग से जटिल से जटिल ऑपरेशनों को भी सफलता से अंजाम दे रहा है। डॉ. स्वाति ने बताया किए यह केस बेहद संवेदनशील था क्योंकि हमें मरीज की भविष्य की प्रजनन क्षमता को भी सुरक्षित रखना था लेकिन हमारी टीम और अस्पताल की आधुनिक सुविधाओं की बदौलत यह संभव हुआ।

# सुंदरगढ़ के 13 पर्यटन स्थलों को मिलेगा नया जीवन



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के लंबे समय से उपेक्षित पर्यटन स्थलों के लिए अब एक नई शुरुआत होने जा रही है। राज्य के पर्यटन मानचित्र में शामिल 13 स्थलों में से अब तक केवल बेदव्यास, खंडाधार और पितामहल डैम का ही आंशिक विकास हो पाया है, जबकि बाकी स्थल सुविधाओं के अभाव में उपेक्षा के शिकार हैं। लेकिन अब उपसभापति एवं तलसरा विधायक भवानीशंकर भोई और राउरकेला विधायक शारदा प्रसाद नायक के संयुक्त प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग सक्रिय हो गया है।

सरकार के निर्देश पर पर्यटन विभाग के अतिरिक्त सचिव सरोज कुमार स्वाईं ने सुंदरगढ़ जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र को पत्र लिखकर सभी प्रस्तावित स्थलों की भूमि, डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और अनुमानित धनराशि की जानकारी शीघ्र भेजने का निर्देश दिया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि परियोजनाएँ उपयुक्त पाई गईं, तो विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाएगी। विधानसभा उपाध्यक्ष भवानीशंकर भोई ने अपने प्रस्ताव में उषाकोठी शिव मंदिर, सुख महादेव मंदिर, उसासी टुंगरी, समलेई मंदिर परिसर, ईब नदी तट का सौंदर्यीकरण, अंगरापहाड़, काहनाकुंड, माधेश्वर शिव मंदिर, बाबा बाणेश्वर मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों को शामिल किया है। वहीं विधायक शारदा प्रसाद नायक ने राय बोगा का आमको सिमको शहीद पीठ, राजगांगपुर का मन्दिरा डैम, रुकोडा डैम, अक्षयशिला और बादलगिरी झरना जैसे स्थलों के विकास की अनुशंसा की है। पर्यटन प्रेमियों का कहना है कि यदि ये योजनाएँ धरातल पर उतरीं, तो सुंदरगढ़ न केवल ओडिशा बल्कि देश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शुमार होगा। स्थानीय नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि सरकार इन प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृति देकर जिले की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों को नया आयाम देगी।

## अंबेटिकरा में दस लाख की लागत से होगा शेड निर्माण



**धरमजयगढ़।** जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अध्यक्ष श्रीमती लिनव राठिया उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता एवं जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती मैना बाई राठिया ने अपने कोटे के पंद्रहवें वित्त की दस लाख रूपए अंबेटिकरा में शेड निर्माण के लिए स्वीकृत किया है। उक्त शेड निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण करने जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिशुपाल गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी आर के पटेल, उपयंत्री समीर विश्वाल, शासकीय मंदिर समिति के सचिव टीकाराम पटेल पहुंचे थे। इस शेड का निर्माण लोगों मांड नदी के तट पर स्थित पिकनिक स्पॉट में होगा। इसके बन जाने से लोगों को जो दूर दराज से आकर यहां भोजन आदि बनाते हैं उनको भारी सुविधा होगी। पानी और धूप से राहत मिलेगी। इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन आगामी सोमवार 10 नवंबर को जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा सरपंच, उप सरपंच सचिव, शासकीय मंदिर समिति के सदस्यों एवं अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शासकीय मंदिर समिति के सचिव ने समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

- जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने जारी की राशि

## नपं की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग

# समलाई मंदिर गार्डन में कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 14 स्थित समलाई मंदिर गार्डन इन दिनों बुरी तरह बदहाल हो चुका है। नगर पंचायत की लापरवाही से सुंदर गार्डन बदहाली का प्रतीक बन गया है। गार्डन में जगह-जगह कचरों का अंबार लगा हुआ है। झिल्ली पन्नी, दोना-पत्तल, डिस्पोजल जैसी गंदगी पूरे परिसर में फैली पड़ी है, जिससे दुर्गंध और अस्वच्छता का माहौल बना रहता है।

गार्डन में बबूल और बेर के कांटेदार पौधे उग आए हैं, जिससे टहलने आने वाले लोगों को कांटे चुभने का डर बना रहता है। खरपतवारों ने कब्जा जमा लिया है।





वहीं, लगाए गए पौधों की देखरेख न होने के कारण कई पौधे सूख चुके या टूटे पड़े हैं। गौरतलब है कि गार्डन परिसर में बने दोनों शौचालयों में न तो रंगाई पुताई की गई है और न ही पानी की कोई व्यवस्था है। फव्वारा लगाने के लिए बनाए गए कुएँनुमा गड्ढे में कचरा भरा हुआ है। न पानी डाला गया और न ही फव्वारा मशीन स्थापित की गई। गार्डन में तीन लाइटें लगी हैं, उनमें भी दो बंद पड़ी हैं। नवरात्रि, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों में भी पूरा गार्डन अंधेरे में डूबा रहा।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील चौधरी द्वारा वूमन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत कार्यरत माया महिला स्व सहायता समूह एवं जाह्नवी महिला स्व सहायता समूह को प्रत्येक माह 80-80 हजार रुपए मानदेय दिया जा रहा है इसके बावजूद गार्डन की स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। इसके अलावा माली के लिए स्वीकृत पद पर कार्यरत कर्मचारी को कार्यालय में भृत्य के रूप में पानी पिलाने का कार्य दिया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि गार्डन की देखरेख पूरी तरह उपेक्षित है।





By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)




13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411